## Headline

1. प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान आज से: 18 को आसन पर विराजेंगे रामलला, 70 वर्ष से पूजित प्रतिमा भी रखी जाएगी
2. Supreme Court: श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में बड़ा फैसला, इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक
3. ठंड-कोहरे का कहर: 10 से अधिक राज्यों में तीन दिन बारिश के आसार; 400 उड़ानें प्रभावित,100 ट्रेनें भी लेट


तापस बेष बिसेषि उदासी । चौदह बरिस रामु बनबासी ।।
जौं पितु मातु कहेउ बन जाना । तौं कानन सत अवध समाना ।।
| Ram Katha 930 - मानस वनवास || Shravasti - UP || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 188 | इंदौर, मंगलवार 16 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



## श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति
### आर.एन.टी.मार्ग, इन्दौर (म.प्र.)

अनूठा अद्भुत एतिहासिक

महाग्रंथ "रामायण" के उपेक्षित पात्र पर कविवर पं.सत्यनारायण सत्तन जी द्वारा रचित महाकाव्य "मंथरा" के प्रमुख अंशो को लयबद्ध (स्वरबद्ध) कर
"मंथरा गान"
का आयोजन किया जा रहा है।

: गान स्वरदेयता :
"पुष्पेन्द्र पुष्प"

: समय :
16 जनवरी 2024 से
प्रति मंगलवार
सायं 6:15 से 7 :00

: स्थान :
श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति
सभाग्रह इन्दौर

आपकी सहभागिता से यह ऐतिहासिक आयोजन गरिमामय बन सकेगा
कृपया अपने इष्टमित्रों एवं परिवार जनों सहित अवश्य पधारियेगा।

भवदीय

एल.एन.उग्र
सूत्रधार
9425039071

अरविन्द जवेलकर
प्रधानमंत्री
श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति,इन्दौर


'मंथरा गान' एक ऐसा विचार व प्रयास है जिसे हम कह सकते हैं कि 'भूतो ना भविष्यति'...रामायण के सबसे अधिक आलोचक पात्र की व्यथागाथा का श्रवण करें । आइये एक उपेक्षित स्वर की मनगाथा का श्रवण कीजिए ।

16 जनवरी से प्रारंभ प्रति मंगलवार
संध्या समय 6:00 बजे से 7:00 बजे तक

(श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति, आरएनटी मार्ग, इंदौर)

संपर्कसूत्र
श्री एल. एन. उग्र (सूत्रधार/संयोजक)
मो : 9425 039071




# 'मंथरा गान'
## एक अभियान

**राष्ट्रकवि के खंड काव्य ग्रंथ को जन-जन से जगदीश तक पहुंचाने का एक विनम्र प्रयास..!**



कार्यक्रम के संयोजक-सूत्रधार श्री एल.एन. उग्र ने चर्चा में बताया कि राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तनजी द्वारा रचित खण्डकाव्य 'मंथरा' के पदों का वाचन गायन 'पुष्पेन्द्र पुष्प' द्वारा श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति में आज से प्रति मंगलवार लगभग 9 से 12 सत्रों में आयोजन किया जा रहा है। सभी आमजन, प्रबुद्धजन सहित साहित्य, धर्म, दर्शन प्रेमी आमंत्रित रहेंगे। साथ ही मीडिया के साथ-साथ जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिकगण भी भागीदारी करे ऐसा प्रयास रहेगा।

# जिस रूट से गुजरे पीएम, वहीं रोड शो करेंगे सीएम यादव

## कल बड़ा गणपति से राजबाड़ा तक करेंगे खुली जीप की सवारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वागत में 17 जनवरी को इंदौर में रोड शो होगा। भाजपा इंदौर संगठन ने इसकी तैयारी तेजी से शुरू कर दी है। रोड शो की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को इंदौर बीजेपी नगर अध्यक्ष गौरव रणदीवे ने रूट का निरीक्षण भी किया। बीजेपी नगर अध्यक्ष गौरव रणदीवे ने बताया कि सीएम मोहन यादव का रोड शो इंदौर में 4.30 बजे से बड़ा गणपती से शुरू होगा। बता दें कि यह रोड शो पिछले माह भी प्रस्तावित था, लेकिन किसी वजह से अंतिम समय में इसे निरस्त कर दिया गया था।**



सीएम मोहन यादव का बुधवार को इंदौर में रोड शो शाम 4 से 5 बजे के बाद बड़ा गणपति चौराहे से शुरू होगा जो कि राजबाड़ा पर अहिल्या माता की प्रतिमा को माल्यार्पण करने के साथ समाप्त होगा। सीएम के रोड शो के पहले बीजेपी पदाधिकारियों के साथ ही पुलिस प्रशासन ने भी सोमवार को रोड शो मार्ग की सारी व्यवस्था का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा गणपति से लेकर राजबाड़ा तक के 1.4 किमी के इलाके में पुलिस सिंगल लेयर की बैरिकेडिंग करेगी। बीजेपी पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम मोहन यादव विशेष विमान से दोपहर 4 बजे इंदौर एयरपोर्ट आएंगे। यहां से सीधे वह रोड शो के मार्ग पर पहुंचेंगे। बताया जा रहा है कि रोड शो के मार्ग पर राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, महाकाल लोक, एकात्म धाम आदि धार्मिक स्थलों की झांकी के साथ ही केंद्र और राज्य में बीजेपी की सरकारों की प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों की झलक पेश की जाएगी।

### रोड शो में सबसे ज्यादा हिस्सा इंदौर-1 विधानसभा का

सीएम का रोड शो इंदौर-1 से शुरू होकर इंदौर-4 से होते हुए इंदौर-3 में जाकर खत्म होगा। यादव का रोड शो इंदौर-1 में सबसे ज्यादा समय रहेगा। बड़ा गणपति से लेकर खजूरी बाजार तक का आधा हिस्सा यानी लगभग 1 किमी का क्षेत्र इंदौर-1 में आता है। जबकि खजूरी बाजार से राजबाड़ा तक का 300 मीटर का हिस्सा इंदौर-3 में है। वहीं गोराकुंड चौराहे के पास जाने वाली गली का इलाका पूरा इंदौर-4 में है।

### 250 से ज्यादा मंच लगेंगे रोड शो के मार्ग में

17 जनवरी को रोड शो के रूट पर सैकड़ों मंचों से बीजेपी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मुख्यमंत्री का स्वागत करेंगे। इस दौरान घरों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों से भी सीएम पर पुष्प वर्षा की जाएगी। बीजेपी पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम यादव के रोड़ शो के मार्ग पर बीजेपी संगठन, इंदौर के व्यापारी संगठन, किसान संगठन व अन्य संगठनों के साथ समर्थकों द्वारा लगभग 250 मंच लगाकर सीएम का स्वागत किया जाएगा।

## 22 जनवरी को होने वाले पीजी फर्स्ट सेमेस्टर के पेपर विश्वविद्यालय ने आगे बढ़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है। इसे लेकर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने इसी दिन होने वाली सारी परीक्षाएं निरस्त कर दी है। अधिकांश पीजी फर्स्ट सेमेस्टर के पेपर को आगे बढ़ाया है। मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन अब इन पाठ्यक्रम का टाइम टेबल रिशेड्यूल करने में लगा है। अधिकारियों के मुताबिक, 22 जनवरी को छुट्टी होने की संभावना है। इसके चलते परीक्षा कार्यक्रमों में फेरबदल किया गया है। मंगलवार तक नया टाइम टेबल वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। 16 जनवरी से विश्वविद्यालय ने एमए, एमकाम, एमएससी, एमएसडब्ल्यू, एमजे फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा रखी हैं, जो 24 जनवरी तक चलेंगी। सुबह 8 से 11 बजे एमएमसी इन होम साइंस, एमकाम, दोपहर दो से शाम पांच बजे तक एमएससी-एमए के पेपर होंगे। 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने से शासन छुट्टी घोषित कर सकता है, लेकिन अभी तक छुट्टी के संबंध में कोई औपचारिक आदेश नहीं आया है। 22 जनवरी को छुट्टी की संभावना को देखते हुए विश्वविद्यालय ने 22 जनवरी को एमकाम का कास्ट एनालिसिस, एमएसडब्ल्यू का सोशल वर्क रिसर्च, एमएससी रिसर्च मैथ्ड, एमए-एमएससी के विभिन्न पेपर को आगे बढ़ा दिया। परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि पीजी फर्स्ट ईयर का नया टाइम टेबल बनाया जा रहा है।

# दूसरी बार रात का पारा लुढ़का

## ◆दोपहर बाद तापमान में लगातार गिरावट से ठण्डक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पिछले दो-दिन दिनों से दिन और रात का तापमान बढ़ने के बाद अब फिर मौसम बदला है। रविवार सुबह से भी ठण्ड नहीं थी लेकिन दोपहर बाद मौसम में ठण्डक घुली। इस दौरान 8 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। हालांकि इस दौरान भी धूप थी लेकिन मौसम ठण्डा हो गया और तापमान में 2 डिग्री की गिरावट आई। सोमवार दिन को भी दोपहर बाद मौसम में ठण्डक घुल हगई और तापमान में 1 डिग्री की गिरावट आई। इस दौरान तापमान 24.9 डिग्री (सामान्य) पर आ गया।

मौसम का यह रुख रात को भी ऐसा ही रहा और तापमान 3 डिग्री लुढ़ककर 11.6 (+1) डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इस सीजन में यह दूसरी बार है जब रात का तापमान 11.6 डिग्री पर आया। इस सीजन में इससे नीचे तापमान अब तक नहीं रहा। हालांकि अभी भी यह सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा है। इसके पहले शनिवार को दिन का तापमान 28.6 (+2) डिग्री सेल्सियस तथा रात का तापमान 14.6 (+4) डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसके बाद रविवार को भी सुबह कोहरा नहीं होकर ठण्ड कोई खास नहीं थी। फिर धूप खिलने के बाद दोपहर 3 बजे तक ठण्ड बेअसर ही रही लेकिन इसके बाद फिर ठण्ड घुली। सोमवार दोपहर हवा का रुख उत्तरी-पूर्वी होकर रफ्तार 10 किमी प्रति घंटा रहा जिससे मौसम में ठण्डक घुल गई। इस दौरान तापमान लुढ़ककर 24.9 (सामान्य) पर आ गया।

इस दौरान दिन का तापमान 26 डिग्री (सामान्य) रिकॉर्ड किया गया जबकि रात का तापमान 11.6 (+1) रहा जिससे थोड़ी ठिठुरन रही। इसके पूर्व 19 दिसम्बर को तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस पर आया था। सोमवार सुबह भी कोहरा नहीं था तथा दृश्यता 4 हजार मीटर की थी।

### इस बार ऐसा नहीं

इंदौर में जनवरी का मिजाज ऐसा रहा है कि पहले पखवाड़े में कड़ाके की ठंड पड़ती है लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। यहां एक भी बार पारा 11 डिग्री के नीचे भी नहीं पहुंचा है। ऐसे में दूसरे पखवाड़े में तेज ठंड पड़ने का अनुमान है। इंदौर में 29 जनवरी 2019 को रात का तापमान 5.6 डिग्री पहुंचा था। दिन में यहां पारा 26 से 32 डिग्री के बीच ही रहता है।

## कटाक्ष




## भगवान श्रीराम से सम्बंधित डाक टिकट एवं विशेष आवरण प्रदर्शनी का शुभारम्भ आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जीपीओ में पोस्टमास्टर जनरल इंदौर परिक्षेत्र सुश्री प्रीती अग्रवाल की अध्यक्षता एवं कुलपति देवी अहिल्या विश्विद्यालय इंदौर डॉ. रेनू जैन के मुख्य आतिथ्य में 16 जनवरी को भगवान श्रीराम से सम्बंधित डाक टिकट एवं विशेष आवरण प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया जा रहा है। प्रदर्शनी 16 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक इंदौर जीपीओ की फिलाटेली शाखा में आयोजित की जा रही है। जिसमें वरिष्ठ फिलाटेलिस्ट श्री ओमप्रकाश केडिया के द्वारा भगवान श्री राम तथा रामायण से सम्बंधित विविध डाक टिकटों का संग्रह प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी मुख्यतः भारत में पहला रामायण आधारित डाक टिकट, भगवान श्री राम का दशावतार रूप, राम-लक्ष्मण जटायु की पीड़ा आदि अन्य कई टिकटों के माध्यम से दर्शनीय रहेगी। कार्यक्रम के आयोजक प्रवर अधीक्षक डाकघर इंदौर नगर संभाग इंदौर है। डाक विभाग द्वारा प्रदर्शनी का लाभ लेने की अपील की गई है।

# ग्राहकों का अष्टगंध इत्र के अनूठे तरीके से स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री राम उत्सव सप्ताह में सोमवार से इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के सभी व्यावसायिक संस्थानों पर खरीदी पर आने वाले क्रेताओं का स्वागत सत्कार का अनूठा तरीका अपनाया जा रहा है। श्रीराम उत्सव सप्ताह में व्यावसायिक संस्थानों पर आने वाले ग्राहकों का अष्टगंध इत्र के अनूठे तरीके से स्वागत किया जाएगा। आंगतुक क्रेता को व्यावसायिक संस्थान द्वारा श्रीराम सम्बोधन से स्वागत - क्रेता की इच्छा पर मस्तक पर अष्टगंध इत्रयुक्त तिलक लगाया जा रहा है। साथ ही क्रेता को बिल राशि पर विशेष रियायत (डिस्काउंट) की छूट भी दी जा रही है। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि हिंदू जागरण मंच जिला द्वारका के साथ मिलकर गारमेंट्स 600 संस्थानों पर अष्टगंध इत्रयुक्त कटोरियों में रखवाए गए हैं। यह आयोजन पूरे सप्ताह क्रेता स्वागत के रूप में चलता रहेगा। रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के



अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि बाजारों में और मार्केट के सभी क्षेत्रों में भगवा केशरिया कपड़ों से द्वार बनाकर लगाए गए हैं। साथ ही केशरिया कपड़ों से साज-सज्जा की जा रही है। साथ ही दुकानों में विद्युत लाइटों से रोशनी की जा रही है। हिंदू जागरण मंच जिला द्वारका के साथ इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन, सराफा कार्नर चाट चौपाटी एसोसिएशन और सिद्धनाथ भैरव मित्र समूह के संयुक्त तत्वावधान में 22 जनवरी को श्रीराम दरबार बनाया जाएगा। राम दरबार बनाकर पूजन-अर्चन कर महाआरती की जाएगी।

## पश्चिमी रिंग रोड का विरोध

# सांसद, मंत्री और जनप्रतिनिधियों के घर पहुंचेंगे इंदौर जिले के किसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पश्चिमी रिंग रोड और इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन के लिए इंदौर जिले में किसानों की जमीन अधिग्रहित की जाना है। किसान इसका लगातार विरोध कर रहे हैं। **किसान जमीन अधिग्रहण को लेकर सांसद, मंत्री और जनप्रतिनिधियों के घर पहुंचेंगे। सभी को अन्नदाता से वफादारी की याद दिलाई जाएगी। किसान पूर्व लोकसभा अध्यक्ष के घर भी जाएंगे और कम मुआवजे को लेकर बात रखेंगे। किसानों का कहना है कि जो नेता चुनाव के पहले हमारे आगे-पीछे घूमते थे, आज हमारी तरफ देखने तक की फुरसत नहीं है। हमारी मांगें नहीं मानी गई, तो पुरखों की एक इंच जमीन भी नहीं देंगे।**

किसान 16 जनवरी को नेताओं व अधिकारियों के घर पर पहुंचेंगे। इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन और पश्चिमी रिंग रोड के प्रभावित किसानों की मांगों पर विचार नहीं किया जा रहा है। पूर्व जनपद सदस्य एवं किसान नेता हंसराज मंडलोई ने बताया कि इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन एवं पश्चिमी रिंग रोड से प्रभावित किसान अपनी मांगों को लेकर सांसद शंकर लालवानी, विधायक, पूर्व विधायक, दोनों पार्टियों के प्रमुख नेताओं से लेकर लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के साथ इंदौर कलेक्टर एवं इंदौर संभाग आयुक्त को उनके कार्यालय या निवास पर ज्ञापन देंगे।

140 किलोमीटर लंबा पश्चिमी रिंग रोड इंदौर जिले की पांच तहसीलों के 47 गांवों की जमीन से गुजरेगा। प्रशासन ने इन गांवों की जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी है। वहीं इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन के लिए इंदौर जिले की 123 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण भी किया जाना है। इसके लिए मुआवजा भी स्वीकृति हो चुका है और किसानों से खातों की जानकारी मांगी गई है।

### किसान कर चुके हैं महापंचायत

जमीन अधिग्रहण को लेकर किसानों की महापंचायत हो चुकी है। इसमें इंदौर, देवास और सीहोर जिले के किसान शामिल हुए थे। किसानों ने देवास जिले में भी महापंचायत की थी, जिसमें कई किसान नेता शामिल हुए थे।

## प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने इंदौर के मतदान केंद्रों में पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण ...

# मतदान सूची में किसी भी व्यक्ति का नाम एक से अधिक जगह होना है दंडनीय अपराध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ी अनुपम राजन ने आज अपने इंदौर प्रवास के दौरान यहां के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 में स्थित मतदान केंद्र पायनियर कॉन्वेंट स्कूल, आईपीएस स्कूल एवं न्यू ग्रीनफील्ड स्कूल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 में स्थित मतदान केंद्र श्री सत्य साई विद्या विहार एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयनगर, सांवेर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र शासकीय माध्यमिक विद्यालय रिंगनोदिया एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय बड़ोदिया एमा पहुंच कर यहां के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से चर्चा की।**

उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आए आवेदनों की जानकारी प्राप्त की करते हुए 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके सभी मतदाताओं का नाम जोड़ने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री आशीष सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, डिप्टी कलेक्टर श्री चन्द्रभूषण धार्वे तथा संबंधित क्षेत्र के एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

### बीएलओ से पूछे सवाल, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मांगे सुझाव

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने सभी मतदान केन्द्रों के बूथ लेवल अधिकारियों से चर्चा कर फॉर्म 6, 7, 8 एवं 12डी के आवेदनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नवीन आवेदनों की आयु प्रोफाइल के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने फॉर्म 7 के अंतर्गत मृत्यु एवं अन्य कारणों से हटाए गए नामों के बारे में पूछा। उन्होंने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान शुरू हुई फॉर्म 12डी के अंतर्गत 80 वर्ष से अधिक उम्र और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा घर से ही रहकर मतदान करने की सुविधा के बारे में भी जानकारी ली। बीएलओ द्वारा बताया गया कि इस सुविधा का लाभ कई वृद्ध मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं ने लिया है। बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने शासन को इस सुविधा के लिए धन्यवाद भी दिया है क्योंकि वे कई साल के अंतराल के बाद मतदान देने में सक्षम हो पाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बीएलओ से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में सुझाव भी मांगे, साथ ही महिला मतदाताओं को जागरुक कर मतदान देने के लिए प्रेरित करने के संबंध में भी निर्देश दिये।

### सूची में नाम रिपीट ना हो यह सुनिश्चित करें

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने कहा कि सभी बीएलओ यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र की मतदाता सूची में किसी भी मतदाता का नाम रिपीट ना हो। साथ ही कोई मृत व्यक्ति भी सूची में शामिल न हो, उनका नाम मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने पश्चात सूची से हटाया जाए। उन्होंने अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी को निर्देश दिए की सेक्टर ऑफिसर नियमित रूप से बीएलओ द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की समीक्षा करें, इससे कार्य में गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकेगा। साथ ही इंदौर जिले के कुल 2 हजार 486 मतदान केंद्रों में कितने आवेदन आए, यदि किसी मतदान केंद्र में कम आए हैं या किसी में ज्यादा आए हैं इसका भी विश्लेषण समय-समय पर किया जाए।

# तिल गुड़ की मिठास के संग युवाओं में दिखा पतंगबाजी का उत्साह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। श्रद्धा एवं भक्ति का पर्व मकर संक्रांति हर्षोल्लास के साथ इंडेक्स कैम्पस,मालवांचल यूनिवर्सिटी में मनाया गया। साल के पहले त्यौहार लोहड़ी और मकर संक्रांति की धूम कॉलेज कैम्पस में भी देखने को मिली। इंडेक्स डिपार्टमेंट आफ फिजियोथेरेपी एंड पैरामेडिकल साइंसेज ,मालवांचल यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा मकर संक्रांति पर छात्रों द्वारा पतंग उत्सव के साथ पारंपरिक खेलों का भी आयोजन किया।**



युवाओं को अपने सांस्कृतिक त्योहारों से जोड़ने के लिए इंडेक्स समूह द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान पारंपरिक गीतों के साथ पतंगबाजी का दौर शुरू हुआ। इंडेक्स मैदान पर पतंगबाजी के साथ काटा वो काटा का शोर रहा।

युवाओं के साथ-साथ शिक्षकों ने भी पतंग उड़ाने का लुत्फ उठाया। 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर इंडेक्स मैदान पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। युवाओं ने पारंपरिक खेल गिल्ली डंडे,नींबू रेस के साथ तिल गुड़ के बने पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ भी छात्रों ने लिया।

इंडेक्स समूह के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया एवं वाइस चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया,मालवांचल यूनिवर्सिटी के कार्यवाहक कुलपति डॉ.संजीव नारंग ने सभी छात्रों को मकर संक्रांति पर्व की बधाई दी।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ इंडेक्स समूह के एडिशनल डायरेक्टर आर सी यादव,प्राचार्या डॉ. रेशमा खुराना और शिक्षकों ने भी मकर संक्रांति के हर्ष का प्रतीक पतंगबाजी भी की।

इंडेक्स डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी एंड पैरामेडिकल साइंसेज की प्राचार्या डॉ.रेशमा खुराना ने बताया कि मकर संक्रांति भगवान सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण होने का शुभ दिन है। पूरे हिंदुस्तान में यह पर्व मकर संक्रांति, पोंगल, और लोहड़ी आदि के नाम से मनाया जाता है।

हमारी भारतीय परंपरा और संस्कृति में एकता के सूत्र निहित है। भारतीय संस्कृति ऐसे कई पारंपरिक अवसरों एवं त्यौहारों से समृद्ध है, जिनके माध्यम से एकता और अखंडता का संदेश प्रवाहित होता है।

इस अवसर पर इंडेक्स समूह संस्थान के छात्रों के लिए मकर संक्रांति के व्यंजनों तिल गुड़,गजक का स्वल्पाहार कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें संस्थान के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी सम्मिलित हुए।

## इंदौर में शुरू हो रहा है प्रदेश का सबसे बड़ा फिश फीड मिल प्लांट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सहायक संचालक मत्स्य विभाग इंदौर द्वारा बताया गया है कि इंदौर जिले के तहसील देपालपुर स्थित ग्राम बिजेपुर में मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा फिश फीड मिल प्लांट स्थापित किया गया है। 22 जनवरी से उक्त फिश फीड मिल में प्रोडक्शन कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। फिश फीड मिल के माध्यम से मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यो को भी उन्नत किस्म का फिश फीड उचित दाम पर उपलब्ध करवाया जाएगा।

## बैठक 20 जनवरी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया है कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में वन स्टॉप सेंटर की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक 20 जनवरी को आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक प्रातः 11:30 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी, जिसमें समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## श्री वीर अलीजा सरकार मंदिर में मंत्री विजयवर्गीय ने किया श्रमदान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन-पुनीत अवसर के निमित्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश भर में धर्म स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज तीसरे दिन मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर के वीर बगीची स्थित श्री वीर अलीजा सरकार मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने सभी से निवेदन भी किया कि अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए धर्म स्थलों की साफ-सफाई कर इस अभियान में सहभागिता करें।

श्रीराम वन गमन पथ

# मुख्यमंत्री यादव देंगे 51 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## आज पहली बैठक में लेंगे हिस्सा, कई अन्य मंत्री, आला अफसर भी होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज सतना जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पटनाखुर्द और चित्रकूट आएंगे। इस दौरान वे विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होकर 51 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे और श्रीराम वन गमन पथ न्यास की पहली बैठक में हिस्सा लेंगे। सीएम के अलावा कई अन्य मंत्री और प्रदेश के आला अफसर भी चित्रकूट में मौजूद रहेंगे।**

निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री यादव हेलीकॉप्टर से मझगवां विकासखंड के पटनाखुर्द आएंगे दर्शन-पूजन के स्थानीय कार्यक्रम के बाद सीएम ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सभागार में श्री रामचंद्र पथ वन गमन न्यास की पहली बैठक लेंगे। फिर ग्वालियर-बेंगलुरु फ्लाइट के शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअली जुडेंगे। बाद में मुख्यमंत्री कामतानाथ स्वामी के दर्शन-पूजन के बाद स्थानीय आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव सायं 4:30 बजे खजुराहो के लिए रवाना होंगे।



मझगवां विकासखंड के ग्राम पटनाखुर्द में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने आ रहे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जिले के लगभग 51 करोड़ रुपए लागत के 38 विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसके अनुसार सतना जिले के 28 करोड़ 10 लाख रुपए लागत के 24 नवनिर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण और 22 करोड़ 74 लाख रुपए लागत के 14 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास मुख्यमंत्री डॉ यादव करेंगे।

### ऊर्जा मंत्री भी आएंगे

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 16 जनवरी को मैहर और चित्रकूट के प्रवास पर रहेंगे। मंत्री तोमर प्रातः 5:38 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर पहुंचेंगे। वे प्रातः 9 बजे मां शारदा मंदिर में मां शारदा देवी के दर्शन कर दोपहर 2 बजे चित्रकूट पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। तोमर रात 10:52 बजे रेलमार्ग द्वारा चित्रकूट से ग्वालियर के लिये प्रस्थान करेंगे।

### ग्रामोद्योग राज्यमंत्री भी मैहर- चित्रकूट में

प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 16 जनवरी को मां शारदा मंदिर में मां शारदा देवी के दर्शन करेंगे। वे चित्रकूट पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे और रात 8:50 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल के लिये रवाना होंगे।

### धर्मस्व मंत्री भी लेंगे बैठक में हिस्सा

प्रदेश के पर्यटन- संस्कृति एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे सड़क मार्ग से चित्रकूट पहुंचेंगे। वे यहां श्रीरामचन्द्र वन गमन पथ न्यास की पहली बैठक में शामिल होंगे। वे शाम 4 बजे चित्रकूट से सड़क मार्ग से भोपाल रवाना होंगे।

### नगरीय विकास राज्यमंत्री करेंगी अगवानी

प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी 16 जनवरी को पटनाखुर्द पहुंच कर हेलीपैड में मुख्यमंत्री की आगवानी करेंगी। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी दोपहर 1:30 बजे चित्रकूट में मुख्यमंत्री के साथ स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगी। वे रात्रि 8:40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल रवाना होंगी।

# चाइना डोर से बच्चे का गला कटा, मौत

## ◆ परिजन ने शव रखकर चक्काजाम किया, पुलिस ने दुकानों पर चैकिंग की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार।** धार में प्रतिबंधित चाइना डोर से 7 साल के बच्चे का गला कट गया, जिससे उसकी मौत हो गई। उसका सोमवार को पोस्टमॉर्टम किया गया। शव को घर ले जाते समय परिजन और क्षेत्र के लोग इंदौर-अहमदाबाद मार्ग के हटवाड़ा चौराहे पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने चाइना डोर की बिक्री और उपयोग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग। जिला प्रशासन की समझाइश पर आधा घंटे बाद धरना खत्म हुआ।

लोगों ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए की सहायता देने की मांग रखी। एसडीएम ने बताया कि अभी कलेक्टर के माध्यम से 50 हजार रुपए की राशि दी जा रही है। उचित मुआवजे के लिए भी प्रकरण तैयार करके वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष सौंपा जाएगा।

जानकारी के मुताबिक रविवार शाम सवा 6 बजे कनिष्क अपने पिता के साथ बाइक से बाजार जा रहा था। रास्ते में अचानक वह चिल्लाया। उसके गले से खून निकलने लगा और वह जमीन पर गिर गया। पिता और आसपास के लोग बच्चे को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। वह लुनियापुरा क्षेत्र में रहता था।

### पुलिस ने धागे जब्त किए, एक व्यक्ति को थाने ले गई

बच्चे का घर जिस क्षेत्र में है, वहां पर पतंग का व्यापार करने वाली दुकानों पर सोमवार सुबह चैकिंग की गई। एसडीएम रोशनी पाटीदार सहित सीएसपी रविंद्र वास्कले व नपा का अमला मौके पर पहुंचा। इसके बाद पठाा चौपाटी, हटवाडा से लेकर अन्य क्षेत्रों में स्थित दुकानों पर भी चैक किया गया। पुलिस ने धागे जब्त किए हैं। एक व्यक्ति को थाने लेकर गई है।

### पानीपुरी खिलाने ले गए थे पापा

मकर संक्रांति पर कनिष्क पूरे दिन अपने घर की छत पर पतंगबाजी देखता रहा। उसके यहां कुछ रिश्तेदार भी आए थे। शाम को वह कुछ चटपटा खाने की जिद करने लगा। जिसके बाद उसके पिता विनोद चौहान उसे पानीपुरी खिलाने बाजार लेकर गए। कनिष्क बाइक पर आगे बैठा था। वे घर से कुछ ही दूर तक पहुंचे थे कि बच्चे के साथ हादसा हो गया।

### कनिष्क की मां का रो-रोकर बुरा हाल

हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अस्पताल के वार्ड के बाहर बच्चे की मां और अन्य परिजन सड़क पर ही बैठकर रोते रहे। बच्चे के पिता विनोद एक गैरेज पर काम करते हैं। त्योहार होने के चलते रविवार को काम पर नहीं गए थे। शाम के समय उसकी ही जिद पर उसे चाट खिलाने ले गए थे। कनिष्क की एक बहन भी है।

एसडीएम रोशनी पाटीदार ने कहा कि घटना बहुत दुखद है। पिछले 10 दिनों से जब्ती और सर्चिंग की कार्रवाई चल रही है। हमने चाइना डोर जब्त भी की। हमने दल गठन किए हैं। अब जो लोग चाइना डोर का उपयोग करते मिलेगा, उस पर कार्रवाई होगी।

## खेलते-खेलते कुएं में गिरे दो सगे भाई

### एक मासूम की डूबने से मौत, दूसरे को दादी ने दौड़कर बचाया

**अलीराजपुर।** जिले में दो सगे भाई कुएं में गिर गए। यह देख पास खेल रहा एक बच्चा चिल्लाते हुए घर पर आया। उसने दोनों बच्चों की दादी को जानकारी दी। दादी दौड़ लगाकर कुएं के पास पहुंची और एक बच्चे को बचा लिया। दूसरे की डूबने से मौत हो गई।

हादसा घोघसा के आषाढ़ फलिए गांव में सोमवार सुबह का है। सन्नी पिता राकेश (4) और उसका भाई सावन (3) घर के बाहर खेल रहे थे। घर से थोड़ी दूरी पर ही एक कच्चा खुला कुआं है। यह करीब 8-10 फीट गहरा है। दोनों भाई खेलते-खेलते कुएं के पास पहुंच गए और इसी दौरान उसमें जा गिरे। दादी ने काफी मुश्किल से सावन को बाहर निकाला लेकिन सन्नी पानी में डूब गया।

**पिता घर लौटा, बच्चे का शव निकाला-** बच्चों का पिता राकेश मजदूरी करने आलीराजपुर गया हुआ था। घरवालों ने कॉल कर घटना की जानकारी दी। राकेश करीब एक घंटे में घर लौटा और कुएं में कूदकर सन्नी को बाहर निकाला। दोनों बच्चों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों ने सन्नी को मृत घोषित कर दिया। सावन की हालत गंभीर है।

# सड़क हादसे में 4 की मौत

## ◆ डिवाइडर से टकराई कार को ट्रक ने मारी टक्कर, 3 ने मौके पर गवाई जान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी। शिवपुरी के बदरवास कस्बे के बायपास पर सोमवार की रात एक कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई वहीं तीन लोग गंभीर घायल हुए हैं। बदरवास थाना पुलिस ने भीषण सड़क हादसे की जांच शुरू कर दी है।**

घायल से मिली जानकारी के अनुसार पहले कार डिवाइडर से टकराई और बाद में ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कार में सवार सभी लोग बाहर सड़क पर मिले। वहीं एक मृतक का शव आज सुबह घटना स्थल से काफी दूर झाड़ियों में मिला।

जानकारी के मुताबिक अशोकनगर जिले के रहने वाला प्रदीप परिहार, केशपाल परिहार और गुना जिले के रहने वाले शिवजी यादव, गोलू परिहार, जसवंत गौर, कल्याण केवट कार (MP67C4285) में सवार होकर सोमवार की रात 1 बजे से 2 बजे के बीच गुना से शिवपुरी की ओर जा रहे थे। तभी बदरवास कस्बे के पास हादसा हुआ।

इस घटना में शिवजी यादव, प्रदीप परिहार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। वहीं गोलू परिहार का शव घटना स्थल से कुछ दूर झाड़ियों में मिला है। बता दें कि पुलिस ने एक घायल को शिवपुरी के जिला अस्पताल रैफर कर दिया था लेकिन अज्ञात युवक की भी मौत हो चुकी है। वहीं तीन घायलों को गुना के जिला अस्पताल भेजा गया है।

अशोकनगर के कार मालिक राजेश परिहार ने उसका रिश्तेदार प्रदीप परिहार गुना की किसी कंपनी में ड्राइवरी का काम करता है। वह उसी कंपनी के किसी अधिकारी को छोड़ने जाने की कहकर मेरी कार को ले गया था। इस मामले की जांच में बदरवास थाना पुलिस में जुटी हुई है।

# तीसरा बेटा जन्मा तो पिता ने मार डाला

## ◆ बैतूल में 12 दिन के नवजात का गला घोंटा; अब बेटी चाहता था आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल।** बैतूल में एक शख्स ने अपने 12 दिन के नवजात बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी। उसके 5 और 7 साल के दो बेटे हैं। पत्नी तीसरी बार गर्भवती हुई तो वह चाहता था कि बेटी हो, लेकिन उसने बेटे को जन्म दिया। ये आरोपी को नागवार गुजरा। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, बजरवाड़ा निवासी अनिल पिता रामू उइके रविवार शाम घटना के वक्त नशे में था। आरोपी अनिल का कहना है कि पत्नी से नसबंदी कराने को कहा था, लेकिन वो नहीं मानी और तीसरी बार भी बेटे को जन्म दे दिया।

**चाहता था घर में बेटी पैदा हो-** कोतवाली थाना प्रभारी आशीष सिंह पवार ने बताया कि अनिल चाहता था कि उसके घर बेटी हो। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया था। विवाद के बीच उसने पत्नी रुचिका को पीटना शुरू कर दिया। बचने के लिए पत्नी बच्चे को छोड़कर गांव में भाग गई। इस बीच अनिल ने बेटे का गला घोंट दिया।

**हत्या कर मौके से भाग गया-** घटना की जानकारी लगते ही पाढर चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। बेटे की हत्या करने के बाद आरोपी मौके से भाग गया था। सोमवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी का कहना है कि वह दो बच्चों के बाद पत्नी को ऑपरेशन करने के लिए कह रहा था, लेकिन वह तैयार नहीं हुई। इसके बाद वह गर्भवती हो गई और तीसरी बार भी उसने बेटे को जन्म दे दिया, जबकि वह चाहता था कि उसके घर बेटी हो जाए।

Maharashtra

# भारत के इस इलाके में 1947 के बाद पहली बार पहुंची पुलिस, नक्सलियों के गढ़ में घुसे 600 कमांडो

**गढ़चिरौली, (एजेंसी)** भारत में लोकतंत्र की स्थापना को 75 साल बीत गए हैं, लेकिन सोमवार को पहली बार देश के एक हिस्से में पुलिस की पहुंच बन पाई। यह इलाका कोई सुदूर द्वीपीय या तटीय क्षेत्र नहीं है बल्कि महाराष्ट्र के ही गढ़चिरौली जिले का गर्देवाडा है। नक्सल प्रभावित इस इलाके में आज तक पुलिस की पहुंच नहीं थी। पहली बार यहां एक चौकी बन सकी है। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के सीमांत इलाके में स्थित इस जिले में नक्सलियों का बहुत ज्यादा प्रभाव रहा है और सुरक्षा बलों पर यहां भीषण हमले होते रहे हैं। अब जो चौकी यहां बनी है, वह माओवादियों के गढ़ अबूझमाड़ से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस लिहाज से



नक्सलियों से निपटने के मामले में यह चौकी अहम होगी। इस पुलिस चौकी की स्थापना के लिए करीब 600 कमांडो गए थे। इस दौरान वे वे लैंडमाइंस और झाड़ियों में नक्सलियों के छिपे होने की आशंका पर भी निगरानी रखते रहे। इस दुर्गम इलाके में जाकर पुलिस चौकी स्थापित करना इतना कठिन काम था कि इन कमांडोज को 60 किलोमीटर तक पैदल चलकर गर्देवाडा पहुंचना पड़ा। यही नहीं वहां पहुंचकर करीब 1500 लोगों को काम पर लगाया गया और तेजी से काम करते हुए एक ही दिन में पक्की चौकी बना दी गई। इस परिसर में पुलिसकर्मियों के रहने के लिए भी पर्याप्त सुविधा होगी और वहां मजबूत सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। यह चौकी रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम होगी क्योंकि यह पूर्वी विदर्भ के इटापल्ली तालुका में है, जो अबूझमाड़ के करीब है।

Uttarpradesh

## बांदा: भाई का अपमान सहन न कर सकी विवाहिता, ससुराल में कर लिया सुसाइड

**बांदा, (एजेंसी) यूपी के बांदा में एक बहन को अपने भाई का अपमान इस कदर नागवार गुजरा कि उसने आत्महत्या कर ली. मृतका के परिजनों ने इसका आरोप उसके ससुराल वालों पर लगाया है. जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है. मामला बबेरू कोतवाली के बेरराव गांव का है.**

जानकारी के मुताबिक, 27 साल की अभिलाषा उर्फ चुन्नी का शव सोमवार को घर में फंदे के सहारे छत से लटका मिला. जब ससुरालीजनों ने शव को देखा तो उनके होश उड़ गए. सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. महिला के मायके पक्ष के लोगों का कहना है कि मकरसंक्रांति के त्योहार के लिए बीते दिन मृतका का भाई उसके ससुराल आया था. वह बहन को कुछ दिन के लिए मायके ले जाना चाहता था.

लेकिन बहन के ससुराल वालों ने न सिर्फ उसका अपमान किया. बल्कि, उसे घर से भी निकाल दिया. ये सब अभिलाषा के सामने हुआ. अभिलाषा अपने भाई का यह अपमान बर्दाश्त नहीं कर पाई और तनाव में आकर उसने सुसाइड कर लिया.

मृतका के परिजनों ने बताया कि हमने 4 साल पहले अपनी बेटी अभिलाषा की शादी करवाई थी. तभी से ससुराल वाले उसे दहेज के लिए मारते-पीटने लगे थे. फिर भी अभिलाषा यह सब बर्दाश्त करती रही. इस दौरान उसे दो बेटे पैदा हुए. लेकिन ससुराल वालों की प्रताड़ना का सिलसिला यूं ही चलता रहा. फिर मकर सक्राति के दिन अभिलाषा का भाई उससे मिलने के लिए ससुराल गया. वहां उसने कहा कि वो अपनी बहन को कुछ दिन के लिए अपने साथ ले जाना चाहता है. ससुराल वालों को ये बात पसंद नहीं आई और उन्होंने उसे अपमानित करके घर से निकाल दिया.

Punjab

## बेअदबी के आरोप में निहंग सिख ने युवक को मार डाला, वीडियो भी शेयर किया; खुद को गुरुद्वारे में बंद किया

**अमृतसर, (एजेंसी)** पंजाब के फगवाड़ा में मंगलवार को सुबह एक गुरुद्वारे में निहंग सिख ने युवक की हत्या कर दी। युवक पर गुरुद्वारे बेअदबी का आरोप था। युवक की हत्या करने वाले निहंग सिख की पहचान रमनदीप सिंह के तौर पर हुई है। उसने घटना का वीडियो शेयर किया है और कत्ल की जिम्मेदारी भी ले ली है। हत्या के बाद निहंग सिख रमनदीप सिंह ने खुद को चौड़ा खूह गुरुद्वारे में बंद कर लिया था, जहां पुलिस मौके पर पहुंची है। सिखों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब से छेड़छाड़ करने या उसे अपवित्र करने को बेअदबी कहा जाता है। इसके अलावा गुरुद्वारे के भीतर भी शराब पीने या अन्य नशा करने जैसी हरकतों को भी बेअदबी माना जाता है। गुरुद्वारे में लगे पवित्र ध्वज एवं निशान साहिब से छेड़छाड़ को भी बेअदबी ही मानते हैं। ऐसे में इस तरह की हरकतों के चलते कई बार हिंसक घटनाएं हो जाती हैं। बीते कुछ सालों में पंजाब में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जिनमें बेअदबी के आरोप में निहंग सिखों ने लोगों को मार डाला। एक महिला को भी गुरुद्वारा परिसर में शराब पीने के आरोप में कत्ल कर दिया गया था।

Jammu & Kashmir

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आया भूकंप, रिक्टर स्केल पर 3.6 रही तीव्रता

**जम्मू, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी जानकारी दी है। भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि सुबह 8 बजकर 53 मिनट पर किश्तवाड़ में रिक्टर स्केल पर 3.6 तीव्रता मापी गई। इसके चलते किसी तरह के जानमाल के नुकसान की फिलहाल सूचना नहीं मिली है।**




पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती है, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

खेल

# कर्नाटक के बल्लेबाज ने खेली ब्रायन लारा जैसी पारी, कूचबिहार ट्रॉफी में रच दिया इतिहास

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंट कूचबिहार ट्रॉफी में कर्नाटक के बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी ने इतिहास रच दिया। उन्होंने इस अंडर-19 प्रतियोगिता के फाइनल में मुंबई के खिलाफ नाबाद 404 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में 400 रन बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं। प्रखर की बल्लेबाजी देखकर सबको लारा की याद आ गई। हालांकि, दोनों बल्लेबाजों की तुलना कभी नहीं हो सकती है। लारा टेस्ट के महान बल्लेबाजों में एक हैं और प्रखर ने अभी क्रिकेट खेलना शुरू ही किया है।



प्रखर ने कर्नाटक के लिए पारी की शुरुआत की और पारी घोषित करने तक नाबाद रहे। उन्होंने 638 गेंदों का सामना करते हुए 46 चौके और तीन छक्के लगाए। वह कूचबिहार ट्रॉफी के फाइनल में एक पारी में 400 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। उनकी पारी के दम पर कर्नाटक ने अपनी पहली पारी 890 रन पर घोषित की। उसके बल्लेबाजों ने 223 ओवरों का सामना किया और टीम के आठ विकेट गिरे। प्रखर के 400 रन पूरे होते ही टीम ने पारी घोषित करने का फैसला लिया।

हर्षिल धर्मानी ने भी कर्नाटक के लिए लगाया शतक- दिलचस्प बात यह है कि इसी मैच में भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ ने भी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों पर 22 रन बनाए। हर्षिल धर्मानी पारी के दूसरे शतकवीर थे। उन्होंने 228 गेंदों पर 19 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 169 रन बनाए। प्रखर ने दूसरे विकेट के लिए उनके साथ 290 रन जोड़े। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पारी घोषित होने से पहले उन्होंने समर्थ एन के साथ नौवें विकेट के लिए नाबाद 163 रन की साझेदारी की।

जहां तक मैच की बात है तो टूर्नामेंट का फाइनल केएससीए नेवुले स्टेडियम में खेला गया। कर्नाटक ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। एक समय ऐसा लग रहा था कि उसका यह फैसला गलत साबित हो जाएगा। मुंबई ने पहली पारी में 380 रन बना लिए थे। उसके लिए आयुष म्हात्रे ने 145 रन की पारी खेली। कर्नाटक के लिए समित द्रविड़ ने गेंदबाजी करते हुए दो विकेट भी चटकाए।

### कर्नाटक बना चैंपियन

जब कर्नाटक की बल्लेबाजी शुरू हुई तो प्रखर ने बाकी सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को फीका साबित कर दिया। उन्होंने 404 रन बनाकर अपनी एक अलग पहचान बना ली। उनकी पारी के दम पर कर्नाटक ने पहली पारी में 510 रनों की बड़ी बढ़त हासिल की। चौथे दिन जब कर्नाटक ने पारी घोषित की तो दोनों टीमों ने ड्रॉ पर समझौता करने का फैसला लिया। पहली पारी में बढ़त लेने के कारण कर्नाटक इस सीजन में कूचबिहार ट्रॉफी का चैंपियन बन गया है।

सिनेमा

## 'हनुमान' ने थिएटर्स में मचाई धूम, सोमवार को हुई शुक्रवार से ज्यादा कमाई, 4 दिन में लगाई हाफ संचुरी



तेलुगू एक्टर तेज सज्जा की फिल्म 'हनुमान' जनता की फेवरेट फिल्म बन चुकी है. शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म का बजट बहुत बड़ा नहीं है. ना ही इसमें कोई बहुत बड़ा सुपरस्टार है. मगर पहले पोस्टर से ही जनता की दिलचस्पी जगाने वाली इस फिल्म ने थिएटर्स में जो माहौल जमा रखा है, उसकी उम्मीद किसी को भी नहीं रही होगी. लिमिटेड बजट में बनी 'हनुमान' के स्पेशल इफेक्ट्स और विजुअल्स की तारीफ की जा रही है. माइथोलॉजी पर बेस्ड इस सुपरहीरो फिल्म को फैमिली ऑडियंस बहुत पसंद कर रही है. ऑरिजिनल तेलुगू वर्जन के साथ 'हनुमान' को हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में भी रिलीज किया गया है. तेलुगू के साथ हिंदी वर्जन से भी फिल्म की जमकर कमाई हो रही है. 'हनुमान' का क्रेज ऐसा है कि एक सॉलिड वीकेंड के बाद फिल्म ने सोमवार को भी धांसू कमाई की है. रिलीज से पहले ही तेलुगू में हुए पेड प्रीव्यू से 4.15 करोड़ कमाने वाली 'हनुमान' ने, शुक्रवार को 8.05 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत की. जिसमें हिंदी वर्जन से फिल्म की कमाई का हिस्सा 2.1 करोड़ रुपये था. मगर शनिवार और रविवार इसके कलेक्शन में लगातार जंप आता रहा. दूसरे दिन 12.45 करोड़ और तीसरे दिन 16 करोड़ की कमाई के साथ 'हनुमान' ने पहले वीकेंड में टोटल 40 करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन कर लिया था.

## संपादकीय

# स्वर-संधान से अपनी अलग पहचान बनाई

प्रभा अत्रे अमीर खां साहब की गायकी से आरंभ से ही प्रभावित रहीं। उन्होंने आकाशवाणी में काम करते हुए अमीर खां साहब और बड़े गुलाम अली खां साहब के रिकॉर्ड ढूंढ-ढूंढकर सुने। मुझे लगता है कि किराना घराना में अब्दुल करीम खां साहब के बाद 'सरगम' को गान में जीवंत करने का किसी ने प्रयास किया है, और उसे अपने तईं निखारते हुए अपना नया गान-मुहावरा किसी ने बनाया है, तो वह प्रभा अत्रे ही रही हैं। प्रभा अत्रे का निधन भारतीय संगीत में उस युग का अवसान है, जिसमें गायन के साथ उससे जुड़ी संवेदना, अध्ययन और चिंतन-मनन समाया था। वह गायन में शुद्धता की पक्षधर थीं, परंतु लोक की उस सहजता के प्रति भी उनका आग्रह था, जिसमें गान प्रकृति में घुलकर श्रोताओं को सहज माधुर्य प्रदान करता है। उन्हें सुनते हुए यह अनुभूति होती है कि संगीत ध्यान का गान है। उम्र के आखिरी दिनों तक उनके गान में अनूठा ओज समाया था। भैरवी में उनके गाए बोल जगत जननी, भव तारिणी, तू नव दुर्गा, तू भवानी, महाकाली, तू शिवानी, मंगला... में शब्द-शब्द उजास है।एक दफा राग मांज खमाज में जमुना किनारे मोरा गांव, सांवरे... में उनके स्वरों पर औचक ध्यान गया था। जिस सहजता से बोल निभाव करते उन्होंने भावों की व्यंजना यहां की है, वह लोक के माधुर्य में समाया उनका अनूठा शास्त्रीय ज्ञन है। सुनेंगे तो पाएंगे कि यहां सांवरे आ जइयो में उनकी शब्द-पुकार विरल है। लगता है, जैसे राग को बहुत जतन से उन्होंने अपने स्वरों का अनमोल गहना पहनाया है। यह सच में, आत्म की पुकार है। स्वरों में शब्द-शब्द यहां जैसे माधुर्य छलक पड़ रहा है। ऐसे ही उनकी एक ठुमरी है, कौन गली गयो श्याम...। इसमें श्याम को ढूंढने की जो स्वर-लगन है, वह चमत्कृत करती है। प्रभा अत्रे के गायन की यही विशेषता है कि वह भावों को सदा जीवंत करती रही हैं। वह सुनने वालों को सदा अपने स्वरों संग बहा ले जाती हैं। उनका समग्र गायन अंतर का उजास सरीखा है। प्रभा अत्रे अमीर खां साहब की गायकी से आरंभ से ही प्रभावित रहीं। उन्होंने आकाशवाणी में काम करते हुए अमीर खां साहब और बड़े गुलाम अली खां साहब के रिकॉर्ड ढूंढ-ढूंढकर सुने। मुझे लगता है कि किराना घराना में अब्दुल करीम खां साहब के बाद 'सरगम' को गान में जीवंत करने का किसी ने प्रयास किया है, और उसे अपने तईं निखारते हुए अपना नया गान-मुहावरा किसी ने बनाया है, तो वह प्रभा अत्रे ही रही हैं। प्रभा अत्रे इस मायने में भी अद्वितीय थीं कि शास्त्रीय में लोक और लोक में शास्त्रीय सुगंध घोलते हुए उन्होंने संगीत की अपने स्तर पर नई भाषा रची। उनके शास्त्रीय गायन में लोक का सहज कंठ माधुर्य घुला हुआ है, तो ठुमरी, खयाल, दादरा, गजल, गीत, नाट्यसंगीत और भजनों में शास्त्रीय संगीत के शुद्ध सौंदर्य से भी सहज साक्षात होता है। हर राग में आलाप की उनकी बारीकियां और स्वर-खनक भिन्नता लिए हुए है। किराना घराने की शास्त्रीय संगीत परंपरा में उन्होंने गान में स्वर-संधान से अपनी अलग पहचान बनाई। वह जब आठ वर्ष की थीं, तभी संयोगवश संगीत की शिक्षा से जुड़ गईं। दरअसल चिकित्सक की सलाह पर उनकी बीमार मां का ध्यान बीमारी से हटाने के लिए घर में एक संगीत शिक्षक रखा गया। लेकिन उनकी मां ने तीन दिन में ही संगीत सीखने से मना कर दिया। तब उसी शिक्षक से प्रभा अत्रे को संगीत सीखने की सलाह दी गई और इस तरह से बचपन में ही संगीत से उनका नाता जुड़ गया।

### Quote...

"You will face many defeats in life, but never let yourself be defeated."

–Maya Angelou

---

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## स्नेह और समर्पण एक दूसरे का कर्तव्य हैं... उनका व्यापार नहीं....

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

---

## Health is Wealth

# इन 4 लोगों को फायदा नहीं नुकसान पहुंचाता है बथुआ का अधिक सेवन

## बेबी प्लान करने वाले जरूर पढ़ें खबर

सर्दियों में ज्यादातर लोग साग खाना पसंद करते हैं। इस मौसम में कई तरह के साग जैसे सरसों,पालक, बथुआ बाजार में देखने को मिलते हैं। आपने भी बथुआ के पराठे से लेकर रायता तक कई बार खाया होगा। बथुआ के साग में फाइबर,आयरन,पोटैशियम जैसे कई औषधीय गुण मौजूद होते हैं, जो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं। बावजूद इसके सेहत को फायदा पहुंचाने वाले बथुआ का सेवन अगर ज्यादा मात्रा में कर लिया जाए तो यह फायदे की जगह आपकी सेहत को नुकसान भी पहुंचा सकता है। जी हां, बथुआ प्लांट में ऑक्सेलिक एसिड अधिक होता है। यह एसिड शरीर में अगर अधिक मात्रा में पहुंचा जाए तो यह कैल्शियम की मात्रा को कम कर देता है। आइए जानते हैं जरूरत से ज्यादा बथुआ खाने से सेहत को होते हैं क्या नुकसान और किन लोगों को नहीं करना चाहिए बथुआ का अधिक सेवन।



## किन लोगों को नहीं करना चाहिए बथुआ का अधिक सेवन

### कमजोर पाचन

जिन लोगों का पाचन तंत्र बेहद कमजोर है, उन्हें बथुआ का अधिक सेवन नहीं करना चाहिए। बथुआ के अधिक सेवन से पेट संबंधित समस्याएं शुरू हो सकती हैं।दरअसल, बथुआ में मौजूद फाइबर की अधिकता कई बार व्यक्ति के लिए डायरिया का कारण बन जाती है। हालांकि सीमित मात्रा में इसका सेवन करने पर इसमें मौजूद फाइबर व्यक्ति को कब्ज, आयरन की कमी से छुटकारा दिलाने के साथ पेट भी साफ रखता है। लेकिन अगर आप पहले से ही दस्त की समस्या से जूझ रहे हैं तो इन हरी पत्तियों के सेवन करने से बचें।

### कैल्शियम की कमी

अगर आपके शरीर में पहले से ही कैल्शियम की कमी है तो बथुआ का सेवन करने से बचें। जरूरत से ज्यादा बथुआ का सेवन करने से शरीर में कैल्शियम का लेवल भी कम होने लगता है। दरअसस, ऐसा इसलिए क्योंकि इस साग में ऑक्सीलिक एसिड मौजूद होता है,जो शरीर में कैल्शियम की मात्रा को कम कर सकता है।

### स्किन एलर्जी

स्किन एलर्जी से जूझ रहे लोगों को भी बथुआ का सेवन करने से बचना चाहिए। इसके अधिक सेवन से एलर्जी की शिकायत बढ़ सकती है। जरूरत से ज्यादा बथुआ का सेवन ऐसे लोगों के लिए स्किन रैशेज, खुजली,दाने जैसी परेशानियों का कारण बन सकता है।

### प्रजनन क्षमता पर असर

अधिक मात्रा में बथुआ का साग खाने से प्रजनन क्षमता पर भी असर पड़ सकता है। दरअसल,बथुआ साग में प्रजनन विरोधी गुण मौजूद होते हैं। ऐसे में अगर आप बेबी प्लानिंग कर रहे हैं। तो उस स्थिति में बथुआ के साग का सेवन सीमित कर दें।

## Highlights

1. **Ram Lalla idol's sculptor didn't talk to his family or touch phone for months**
2. **Akhilesh Yadav dissolves Samajwadi Party's MP unit**
3. **YS Sharmila set to take charge as Andhra Pradesh Congress chief**
4. **AIMIM chief Owaisi voices opposition to 'One Nation, One Election'**
5. **Centre has ordered probe into Kerala CM's daughter's firm**
6. **Sankranti: There was no curbing the killer charm of cockfighting**

# Now chat & video call with Sunny Leone: Actress launches her official AI Clone created by Kamoto.AI

**Mumbai (Maharashtra), (Agency).** Kamoto.AI has strengthened India's position on the world map for advanced Generative AI by launching the first-ever official AI clone of an Indian celebrity. The official AI replica launched in Mumbai recently was that of Bollywood sensation, diva & entrepreneur Sunny Leone, who enjoys widespread popularity worldwide. The actress launched the official AI clone of herself in the presence of Kamoto.AI co-founders Toshendra Sharma & Rohendra Singh amid a massive gathering in Mumbai. The unveiling of Sunny's official AI clone unlocks fresh avenues of revenue generation through Advanced Generative AI technology.

Mumbai (Maharashtra) [India], January 16: Kamoto.AI has strengthened India's position on the world map for advanced Generative AI by launching the first-ever official AI clone of an Indian celebrity. The official AI replica launched in Mumbai recently was that of Bollywood sensation, diva & entrepreneur Sunny Leone, who enjoys widespread popularity worldwide. The actress launched the official AI clone of herself in the presence of Kamoto.AI co-founders Toshendra Sharma & Rohendra Singh amid a massive gathering in Mumbai. The unveiling of Sunny's official AI clone unlocks fresh avenues of revenue generation through Advanced Generative AI technology.

Amazon Sale season is here! Splurge and save now! Click here

Merely with a few clicks & quick training via private data, Kamoto.AI enables the creation of a virtual AI replica of anyone while its AI Character Marketplace facilitates its monetization. Sunny's AI Clone is interactive & trained on her voice and personal data to deliver a personalized experience. Sunny's clone can be interacted with via Chat or Voice Calls through Kamoto.AI's AI Character Marketplace at app.kamoto.ai. Besides, one can avail Sunny's Elite Club membership with many benefits. Some lucky members would get a chance to meet the actress in person, while some other winners would be felicitated with merchandise.

"Generative AI can be leveraged in myriad ways, and this first-ever official AI clone of a global celeb like Sunny Leone manifests it. All ethical and security concerns are vetted while creating a licensed AI replica, and it minimizes such threats. Waiting to be unraveled is a coveted lineup of licensed AI clones of other eminent figures," said Kamoto.AI CEO Toshendra.

# China Set to Reach 2023 GDP Goal as Focus Shifts to New Year

**NEW DEIHI, (Agency).** China's set to publish the last major data dump for 2023, capping a difficult year after its emergence from Covid Zero and shifting the attention to whether it can sustain momentum this year.

The figures for gross domestic product, industrial production and retail sales are likely to show improvements from the same period in 2022, helped by a low base of comparison when pandemic restrictions hampered economic activity.

GDP likely increased 5.2% over all of last year, according to economists surveyed by Bloomberg, in line with the government's target of around 5%.

Beijing is widely expected to set this year's growth target at around 5% again, though that would be much more ambitious given the higher base. Without more aggressive stimulus, economists are expecting growth to slow to 4.5%, according to a Bloomberg survey.

Here's what else to expect when the statistics bureau publishes data on Wednesday:

Data Guide

The start of 2024 brought negative news for the economy, as recent data featured continued declines in consumer prices, flat import growth, and a slowdown in the pace of lending — all suggesting sluggish domestic demand will again top the nation's economic challenges in 2024.

# युवक को मौत के घाट उतारा

## ◆ शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद में किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महू के मोतीमहल क्षेत्र स्थित जोशी मोहल्ला में सोमवार की रात उस समय सनसनी फेल गई, जब शराब पार्टी कर रहे तीन युवक आपस में भीड़ गए और इस दौरान एक युवक की चाकू से हमला कर निर्ममता से हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 8 बजे मोती महल क्षेत्र के मोहन मार्ग जोशी मोहल्ला में चेतन पिता मोहित जोशी की छत पर विशाल, मनीष व चेतन शराब पी रहे थे, इसी दौरान किसी बात पर इनमे विवाद हो गया और मनीष पिता प्रेम निवासी टीचर कालोनी ने चाकू से विक्की यादव पिता अनूप पहलवान (26) पर चाकू से हमला कर दिया। गर्दन पर चाकू के वार होने से अत्याधिक खून बह जाने से विक्की वहीं ढेर हो गया। यह देख मनीष और चेतन मौके से भाग निकले। शोर सुनकर कुछ लोग छत पर पहुंचे तो विक्की अचेत पड़ा था। तत्काल उसे अस्पताल लगाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हत्या की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में जांच कर हत्या का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।



# इटालियन मशीन के चोरी किए पाट्‌र्स, कार व दो बाइक जब्त, पांच आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समीपस्थ औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर एक थाना पुलिस ने बदमाशों को पकड़ा है। टू व्हीलर गाडियों के प्लांट से सूचना मिली थी कि 10 जनवरी की रात में बदमाशों ने कंपनी से इटालियन मशीन के करीब 65 लाख रुपए के पाट्र्स चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।**

थाना प्रभारी संतोष दुधी के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज बारीकी से देखें। इसमें एक सफेद रंग की कार का उपयोग होना पाया गया। संदेही मुकेश पिता त्रिलोकचंद बिरले निवासी डाक बंगला पीथमपुर को हिरासत में लिया। मुकेश ने अपने साथियों के साथ खुद की कार से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी मुकेश पिता त्रिलोकचंद बिरले (29), इंदर पिता रामचन्द्र बलाई (30), दिनेश पिता कन्हैयालाल डावर (30), राजू पिता दशरथ महार (32) व कान्हा उर्फ कन्हैयालाल पिता शिवराम भील (29) को गिरफ्तार किया। आरोपियों से चोरी गया पूरा सामान, चोरी में इस्तेमाल की गई कार और दो बाइक जब्त की। आरोपियों को पकडऩे में थाना प्रभारी संतोष दुधी, रविन्द्र चौधरी, केके परिहार, पवन भदौरिया, सूरज तिवारी, महेश, मनीष, अमित पाठक, शैलेन्द्र, प्रमोद, साइबर सेल के सर्वेश सिंह, प्रशांत सिंह का योगदान रहा।

# ढाबे में विवाद, पथराव कर कार के कांच फोड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गांधीनगर में होटल में बर्थडे पार्टी के बाद खाना खाने पहुंचे बाइक और कार सवार युवकों ने होटल संचालक से विवाद किया। उन्होंने यहां रखी गाडिय़ों पर पथराव करते हुए कर्मचारी और होटल मालिक से मारपीट की। इसके बाद आरोपी पथराव कर मौके से भागने लगे। रात में होटल मालिक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी कार पर पथराव करने को लेकर केस दर्ज कराया है।

पुलिस के मुताबिक अनिल चौधरी का सिद्धार्थ अस्पताल के पास चौधरी का ढाबा है। यहां पर धर्मेन्द्र और मुकेश रात में अपने साथियों के साथ पहुंचे। दोनों ने होटल मालिक अनिल से बात की और कहा कि उनका बर्थडे है वह खाना खाएंगे। इस पर होटल मालिक ने देर रात होने की बात करते हुए कहा कि होटल बंद होने का समय हो गया है।

इस पर दोनों ने पार्सल देने के लिये कहा। इस दौरान आरोपियों ने अपशब्द कहे और विवाद करते हुए बाहर खड़ी गाडिय़ों को गिराना शुरू कर दिया। इस दौरान सडक़ से उठाकर पत्थर होटल पर फेंके। इससे होटल का बोर्ड और बाहर खड़ी रिटायर्ड आर्मी अफसर की गाड़ी को भी नुकसान हुआ। इसके बाद आरोपी कार और बाइक से वहां से भागने लगे। अनिल ने मामले में डायल 100 को सूचना दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### पोल से टकरा गई कार

इस मामले में मुकेश कुशवाह निवासी छोटा बांगड़दा ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि होटल के बाहर कुछ लोगों का विवाद चल रहा था। वह ऑर्डर कैंसल कर अपनी कार से बाहर निकलकर जाने लगे। इस दौरान किसी ने कार के पीछे से पत्थर फेंका। जिसमें कार का कांच फूट गया। इस दौरान कार का बैलेंस बिगड़ा और कार पोल से जा टकराई। इस दौरान कुछ लोगों ने हमारे साथ जबरन मारपीट की।

## पड़ोसी ने कर दिया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक युवक पर उसके पड़ोसी ने पथराव कर उसे घायल कर दिया। बाणगंगा पुलिस के अनुसार घटना ग्राम भंवरासला कांकड़ की है। विजय चौधरी की शिकायत पर आरोपी विनोद शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है । विजय ने बताया कि उसकी बहन की शादी का कार्यक्रम घर पर चल रहा था। पड़ोसी विनोद नशे की हालत में उसके घर के बाहर बैठा और अनाप-शनाप बातें करने लगा। उसे वहां से उठने को कहा इसी बात पर आरोपी विनोद नाराज हो गया। उसने विजय और उसके पिता को गालियां देना शुरू कर दिया , उसे रोका तो आरोपी ने पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिससे वह घायल हो गया।

# कार को मारी टक्कर

**इंदौर।** अन्नपूर्णा इलाके में एक रिटायर्ड डॉक्टर की कार को नशेड़ी ऑटो चालक ने टक्कर मार दी । दुर्घटना में कार में काफी नुकसान हुआ है । ऑटो चालक के खिलाफ पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। अन्नपूर्णा पुलिस ने बताया कि डॉक्टर हेमंत कुमार द्विवेदी निवासी सुदामा नगर की शिकायत पर ऑटो रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। डॉक्टर हेमंत द्विवेदी रिटायर्ड मेडिकल ऑफिसर है। रणजीत हनुमान रोड गुरु कृपा ऑप्टिकल के पास कल वह काम से गए थे ।उनकी गाड़ी वहीं पर खड़ी थी तभी ऑटो रिक्शा चालक ने कार में टक्कर मारी ऑटो रिक्शा चालक नशे में धुत था।

## महिला का मंगलसूत्र लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चंदन नगर इलाके में धामनोद निवासी महिला के गले से एक बदमाश मंगलसूत्र लेकर भाग गया। महिला ने मदद के लिये आवाज भी लगाई। लेकिन आरोपी किसी के हाथ नहीं आया। महिला अपनी बेटी के पास इंदौर अपना उपचार कराने के लिये आई हुई है। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक सुनीता भावसार निवासी धामनोद की शिकायत पर अज्ञात लुटेरे के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सुनीता ने बताया कि सोमवार रात करीब 9 बजे वह अपनी बहन संतोष के साथ दामोदर नगर इलाके में सब्जी लेने पैदल पहुंची। इस दौरान एक बदमाश पीछे से आया और गले पर झपट्टा मारकर मंगलसूत्र छीन लिया। इसके बाद बदमाश मौके से भाग गया। महिला ने बताया कि उसने शोर भी मचाया। लेकिन लोग कुछ समझ पाते इसके पहले बदमाश वहां से निकल गया। सुनीता ने बताया रात में वह अपने रिश्तेदार के साथ थाने पहुंची ओर मामले में केस दर्ज कराया। सुनीता चंदन नगर इलाके में अपनी बेटी छाया के यहां रूकी है। वह उपचार के लिये इंदौर आई हुई है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक